संपादकीय

सुरक्षा ही बधाई

वाकई नया साल हम ऐसे माहौल में मना रहे हैं जब एक बार फिर कोरोना महामारी की लहर की आशंका बनी है। नये कोरोना वेरिएंट के खतरे से पूरी दुनिया सहमी है। देखते ही देखते ओमीक्रोन ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके बारे में ठीक-ठीक जानकारी हमारे पास नहीं है। लेकिन जीवन जीवटता का पर्याय है। भारत जैसे विकासशील देश ने जैसे आत्मनिर्भरता का परचम लहराते हुए देश में विकसित व निर्मित टीके से एक अरब से अधिक लोगों को टीका लगाकर कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उसकी दूसरी मिसाल नहीं है। दरअसल, नया साल हमारी सोच का पर्याय है। सकारात्मक दृष्टिकोण व जीवटता के जज्बे से हम हर दिन को नया बना सकते हैं। यह बहस का मुद्दा नहीं है कि यह नववर्ष परंपरागत नववर्ष नहीं है। जीवन का उल्लास जब सारी दुनिया मिलकर अभिव्यक्त करती है तो खुशी कई गुना बढ़ जाती है। यह चुनौती का समय है। जब तक नये वेरिएंट की वैक्सीन को लेकर पर्याप्त जानकारी वैज्ञानिकों के पास नहीं है, तब तक बचाव ही कारगर वैक्सीन है। हमने पहली व दूसरी लहर में बहुत कुछ खोया है। आज उसके सबकों से सीख लेकर आगे जीवन तय करने का वक्त है। इस दौर में जहां मुसीबतों को अवसर में बदलने वाले लोग सामने आये तो मानवता का उदात्त रूप भी सामने आया। प्रवासी श्रमिकों के लिये रात-दिन चलने वाले लंगर व मदद को उठे हाथ मानवता पर विश्वास को और पुख्ता कर गये। यह चुनौती का समय वंचित समाज की मदद को आगे आने का है। सर्वकल्याण की भावना ही हमारे नये साल के संकल्प का आधार होना चाहिए। सही मायनों में दुख बांटने से जो असीम सुख हासिल होता है, वही नये साल के पर्व का मर्म भी है। कोरोना संकट ने बताया भी है कि दुनिया का कोई देश यदि वैक्सीन या दवाइयों से वंचित रह जाता है तो परिवर्तित वेरिएंट दुनिया में फिर कहर बरपा सकता है।

निस्संदेह, नया साल एक मानक ही है, जीवन में बदलाव लाने का। हम नये साल पर कुछ अच्छा करने का संकल्प लेते हैं। अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं। कोशिश करते हैं कि नये साल में किसी बुरी आदत को छोड़कर अच्छी आदत को डालें। कोरोना संकट ने मानवता को बड़े सबक दिये हैं। दवाओं व ऑक्सीजन की कालाबाजारी से लेकर मरीजों को उलटे उस्तरे से मूंडने वाले अस्पतालों की कलई खुली है। मौके का चौका लगाने वालों की भी कमी नहीं होती। लेकिन समाज में फिर भी सकारात्मक सोच वाले मदद को उठे हाथ ज्यादा हैं। इस सामूहिक सोच को समाज की ताकत बनाने की जरूरत है। आर्थिक व भौतिक समृद्धि तभी सार्थक है जब हम महात्मा गांधी के ट्रस्टीशिप के विचार को मूर्त रूप दें। अपने पर्याप्त संसाधनों से जरूरतमंदों की मदद करें। कोरोना संकट में हमारे चिकित्सा तंत्र की जो तमाम खामियां सामने आई हैं, उनको दूर करने का संकल्प हम इस नये साल में लें। गरीब आदमी को सस्ता व कारगर उपचार उपलब्ध हो, इसके लिये सामुदायिक पहल हो। समाज के पीयूष जैनों को धन तहखानों में छिपाने के बजाय मानवता के कल्याण के लिये लगाने की जरूरत है। धन एक सीमा तक तो उपयोगी होता है, उसके बाद तो वह महज गिनती ही है। जो व्यक्ति व समाज की मुश्किलें बढ़ाता है। कहते हैं कि कुदरत ने हर हाथ व पेट के लिये व्यवस्था की है। कमी है तो मनुष्य के लालच की, जो दूसरों का हक मारकर बैठ जाता है। देश में वैश्वीकरण व उदारीकरण के दौर में आर्थिक असमानता का जो दौर शुरू हुआ है, उसने अमीर-गरीब की खाई को बढ़ाया ही है। नया साल हो या कोई पर्व- ये सामूहिकता के कल्याण के भाव पर केंद्रित होता है। समूह के उल्लास में अपना उल्लास तलाशना। यदि हम समाज के बड़े तबके में ऐसी सोच विकसित कर पाते हैं तो हमारा नया साल मनाना सार्थक होगा। सजगता व सतर्कता से यदि देश, समाज, घर-परिवार में महामारी की छाया दूर रहेगी, तो नये साल मनाने के अवसर बार-बार आएंगे।

ओमिक्रॉन के बढ़ते कहर के चलते दुनियाभर की 4000 उड़ानें रद्द, छुट्टियों के हफ्ते में बढ़ी परेशानी



नई दिल्ली। दुनिया कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के चलते चौथी लहर की चपेट में आ चुकी है। दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रोन का सबसे पहला मरीज मिला था। पिछले दिनों भारत सरकार में स्वास्थ्य सचिव लव अग्रवाल ने कहा था कि 29 देशों में ओमिक्रोन फैल चुका है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का तर्क है कि ओमिक्रोन दुनिया के हर देश में पहुंच चुका है। बहरहाल, संक्रमण को रोकने दुनियाभर में सख्ती बरती जा रही है।

वहीओमिक्रॉन के असर के कारण रविवार को दुनियाभर में लगभग 4000 उड़ानें रद्द की गई। इनमें से आधे से अधिक उड़ानें सिर्फ अमेरिका में कैंसिल हुई। ओमिक्रॉन के बढ़ते प्रकोप से पूरी दुनिया में एक बार फिर से दहशत पैदा हो गई है। इसका असर हर ओर देखने को मिल रहा है और विमानन उद्योग भी इससे खासा प्रभावित नजर आ रहा है। जहां एक ओर क्रिसमस के मौके पर हजारों उड़ानों के रद्दे होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी, वहीं नए साल के जश्न पर भी ओमिक्रॉन ने बुरा असर डाला। दुनियाभर में 4000 उड़ानें रद्द कर दी गई। इनमें से आधे से अधिक उड़ानें अमेरिका की थीं।

बीती रात 8 बजे तक रद्द की गई उड़ानों में से 2,400 से अधिक उड़ानें संयुक्त राज्य अमेरिका आने या जाने वाली थीं। इसके अलावा रिपोर्ट में बताया गया कि कोरोना के नए वैरिएंट के बढ़ते प्रकोप के चलते वैश्विक स्तर पर 11,200 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। इससे लोगों को खारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। सबसे अधिक उड़ानें रद्द करने वाली एयरलाइनों में स्काईवेस्ट और साउथवेस्ट थे, इनकी क्रमशः 510 और 419 उड़ानें रद्द की गई।

क्रिसमस और नए साल की छुट्टियां आमतौर पर हवाई यात्रा के लिए एक चरम समय होता है, लेकिन कोरोना के नए संस्करण ओमिक्रॉन के तेजी से फैलने और संक्रमण के मामलों में तेज वृद्धि के कारण एयरलाइंस को पायलट और केबिन क्रू की कमी के चलते उड़ानें रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

दिसंबर में 1.29 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन, नवंबर माह की तुलना में मामूली गिरावट

नईदिल्ली । गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन लगातार छठे महीने 1 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। दिसंबर 2021 में 1.29 लाख करोड़ जीएसटी जमा किया गया है। नवंबर में 1.31 लाख करोड़ का जीएसटी संग्रह की गयी। इसकी तुलना दिसंबर में मामूली गिरावट से की जाती है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के मुताबिक दिसंबर में कुल 1 लाख 29,780 करोड़ रुपये का कलेक्शन हुआ। सेंट्रल जीएसटी 22 हजार 578 सरकार ने यह भी कहा है कि जीएसटी संग्रह में वृद्धि नकली जीएसटी बिल भुगतानकर्ताओं पर कार्रवाई के कारण हुई है। अंतिम तिमाही सकारात्मक रहने की उम्मीद है। करोड़, राज्य जीएसटी 28 हजार 658 करोड़ और समेकित जीएसटी 69 हजार 155 करोड़। इसके अलावा, उपकर के रूप में 9,389 करोड़ रुपये एकत्र किए गए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हुए विराट, अब केएल राहुल करेंगे कप्तानी

नई दिल्ली । भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वांडरर्स स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। आज भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच शुरू हुए सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में केएल राहुल टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। कोहली की जगह हनुमा विहारी को प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया है।

टॉस के दौरान राहुल ने कहा, दुर्भाग्य से विराट की पीठ के ऊपरी हिस्से में ऐंठन है, फिजियो उन पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि वो अगले टेस्ट के लिए ठीक हो जाएंगे। पहली बार टेस्ट टीम की कप्तानी कर रहे राहुल ने कहा, अपने देश की कप्तानी करना हर भारतीय खिलाड़ी का सपना होता है। वास्तव में सम्मानित और इस चुनौती के लिए तत्पर हूं। हमने यहां कुछ अच्छी जीत हासिल की है और उम्मीद है कि हम इसे जारी रखना चाहेंगे।

प्लेइंग इलेवन में बदलाव पर राहुल ने कहा, विराट की जगह हनुमा विहारी आए हैं। बस एक ही बदलाव है। सेंचुरियन में कुल मिलाकर एक अच्छा टेस्ट था। हमने वास्तव में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया और इस मैच को लेकर वास्तव में उत्साहित हैं।

साल के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार गुलजार, सेंसेक्स 550 अंक उछला, निवेशकों की संपत्ति 2 लाख करोड़ बढ़ी



मुंबई। साल के पहले कारोबारी दिन ही भारतीय शेयर बाजार ने मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की है। शेयर बाजार ने मामूली बढ़त के साथ आज के कारोबार की फ्लैट शुरुआत की थी, लेकिन पहले 1 घंटे के कारोबार में ही चौतरफा खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार उछाल ले ली।तेजी का सिलसिला जारी है और बीएसई का सेंसेक्स 12 बजे तक 570 अंकों की बढ़त लेकर 58,824 के स्तर तक पहुंच गया है। निफ्टी सूचकांक में भी उछाल बना हुआ है। इस ज़ोरदार तेजी के साथ आज निवेशकों की संपत्ति दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है।

आज नए साल 2022 के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर खुला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स जहां 310 अंकों की उछाल के साथ 58,564 के स्तर पर खुला, वहीं एनएसई के निफ्टी सूचकांक ने 96 अंकों की तेजी के साथ 17,450 के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 158 अंकों की बढ़त के साथ 17,512 पर कारोबार कर रहा है। इसके 50 स्टॉक में से 39 बढ़त में और 11 गिरावट में कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी के मिडकैप, बैंकिंग और फाइनेंशियल इंडेक्स के साथ निफ्टी नेक्स्ट 50 भी तेजी में है। निफ्टी के बढ़त वाले स्टॉक में टाटा मोटर्स, कोल इंडिया, मारुति और आयशर हैं। जबकि गिरावट में सिप्ला, इंडसइंड बैंक, हिंडालको और अन्य हैं।

गौरतलब है कि साल 2021 के आखिरी दिन बीते शुक्रवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ था। बंबई स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 459 अंक या 0.80 फीसदी की उछाल के साथ 58,253 पर बंद हुआ था।

बंगाल रणजी टीम के सात सदस्य कोविड से संक्रमित

कोलकाता । बंगाल रणजी टीम के सात सदस्यों का कोविड-19 का परीक्षण पॉजिटिव आया है जिससे उसकी देश की शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता की तैयारियों को करारा झटका लगा है। बंगाल को विदर्भ, राजस्थान, केरल, हरियाणा और त्रिपुरा के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। वह अपना पहला मैच 13 जनवरी से बेंगलुरू में त्रिपुरा के खिलाफ खेलेगा। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के सचिव स्नेहाशीष गांगुली ने बयान में कहा, ''महामारी की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए बंगाल क्रिकेट संघ ने सुरक्षा उपाय के तौर बंगाल के सभी क्रिकेटरों के आरटीपीसीआर परीक्षण करवाये थे।''

उन्होंने कहा, ''परिणाम आ गये हैं तथा कुछ खिलाड़ियों का परीक्षण पॉजिटिव आया है। सीएबी इस संबंध में हर तरह की जरूरी सावधानियां बरत रहा है।'' सूत्रों के अनुसार छह खिलाड़ियों सुदीप चटर्जी, अनुस्तुप मजूमदार, काजी जुनैद सैफी, गीत पुरी, प्रदीप्त प्रमाणिक, सुरजीत यादव और सहायक कोच सौराशीष लाहिड़ी को वायरस से संक्रमित पाया गया है। ये सातों सदस्य रविवार को साल्ट लेक में जाधवपुर विश्वविद्यालय में टीम के बीच आपस में खेले गये मैच के दौरान उपस्थित थे।

सूत्रों ने कहा, ''वे कोविड के किस स्वरूप से संक्रमित हैं इसका पता अभी नहीं चल पाया है। दिशानिर्देशों के अनुरूप उन्हें अलग थलग कर दिया गया है।''

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा ने भारत में कमाए 250 करोड़ रुपये

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म पुष्पाः द राइज से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। आए दिन यह फिल्म नया कीर्तिमान बना रही है। अब इस फिल्म ने भारत में 250 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। भला नए साल में अल्लू के प्रशंसकों के लिए इससे बड़ी खबर क्या हो सकती है। इस फिल्म ने अल्लू को पैन इंडिया लेवल पर स्थापित किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पा ने नए साल के पहले दिन शनिवार को 250 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री कर ली है। फिल्म ने शनिवार तक 255.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने पहले सप्ताह में 178.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे सप्ताह में फिल्म ने 56.75 करोड़ रुपये कमाए। रिलीज के तीसरे शुक्रवार को फिल्म ने 6 करोड़ रुपये अपने खाते में जोड़े। तीसरे शनिवार को फिल्म 14 करोड़ रुपये कमा पाई।

हिन्दी पट्टी में भी इस फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म ने उत्तर भारत में अबतक 72 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। यदि अगले तीन सप्ताह तक सिनेमाघर खुले रहते हैं, तो फिल्म 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा छू सकती है। साउथ ही नहीं, बल्कि इस फिल्म ने देशभर के दर्शकों को प्रभावित किया है। अल्लू ने फिल्म के जरिए देशभर में लोकप्रियता हासिल की है।

पुष्पा 17 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही वह कीर्तिमान बना लिया, जो 2021 में कोई फिल्म नहीं कर पाई। अल्लू की पुष्पा ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 2021 का सबसे बड़ा ओपनिंग डे अपने नाम किया था। यहां तक कि फिल्म ने मास्टर और स्पाइडर मैन को भी पछाड़ दिया था। पुष्पा का ओपनिंग डे का कलेक्शन 52.50 करोड़ रुपये है।

आज का राशिफल

मेषः खुश हो जाएं, क्योंकि अच्छा समय आने वाला है। आज अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें। प्रेम का फूल आपकी जिंदगी में जल्द ही खिल सकता है।

वृषः अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है, तो आपका वक्त सुकून भरा रहेगा। आप अनुभव करेंगे कि आपके प्रिय का आपके प्रति प्यार वाकई बहुत गहरा है।

मिथुनः आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। खाली वक्त किसी बेकार के काम में खराब हो सकता है।

ककर्ः आज के दिन भूलकर भी किसी को पैसे उधार न दें। आज औरों की राय सुनना और उन पर अमल करना महत्त्वपूर्ण होगा।

सिंहः आज आप खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तंदरुस्त बनाए रखेगा। धन लाभ हो सकता है। रिश्तेदारों से सहयोग मिलेगा।

कन्याः सुकून हासिल करने लिए कुछ पल करीबी दोस्तों के साथ बिताएं। जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके ज़रिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे।

तुलाः शराब से दूर रहें, क्योंकि इससे आपकी नींद में खलल पड़ेगा और आप गहरे आराम से महरूम रह सकते हैं। जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है।

वृश्चिकः कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अपनी नई परियोजनाओं के लिए अपने माता-पिता को विश्वास में लेने का सही समय है।

धनुः अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, क्योंकि अच्छा-बुरा सबकुछ इसी के माध्यम से आता है।

मकरः बच्चे आपकी शाम को खुशी की चमक लाएंगे। थकाऊ और उबाऊ दिन को अलविदा कहने के लिए एक बढ़िया डिनर की योजना बनाएं।

कुंभः आज के मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेलकूद को शामिल किया जाना चाहिए। दूसरों को प्रभावित करने के लिए ज़रूरत से ज्यादा खर्चा न करें।

मीनः कुछ दिलचस्प पढ़कर थोड़ी दिमाग़ी कसरत करें। घर के जरुरी सामान पर धन खर्च करके आपको आर्थिक परेशानी तो आज जरूर होगी।

कोरोना के चलते फिर टली शाहरुख की फिल्म पठान की शूटिंग

एक बार फिर कोरोना वायरस का खतरा बढ़ गया है। इसको देखते हुए विभिन्न राज्यों की सरकारों ने पाबंदियां लगाई हैं। इसका मनोरंजन जगत पर भी व्यापक असर पड़ा है। इससे कई फिल्मों की शूटिंग रद्द हो सकती है। अब सुनने में आ रहा है कि शाहरुख खान की फिल्म पठान की शूटिंग एक बार फिर टल गई है। कोरोना के खतरे को देखते हुए मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग को टालने का निर्णय लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण शाहरुख की फिल्म पठान की शूटिंग टल गई है। एक सूत्र ने कहा, फिल्म की शूटिंग पहले अक्टूबर में स्पेन में होनी वाली थी, जहां कुछ एक्शन दृश्यों के अलावा दो गाने फिल्माए जाने थे। लेकिन ऐसा नहीं हो सका क्योंकि आर्यन खान के खिलाफ दर्ज हुए केस की वजह से शाहरुख को ब्रेक लेना पड़ा था।

सूत्र ने बताया कि अब जब जनवरी में उन्होंने डेट्स दी, तो स्पेन में कोरोना के मामले अपने उच्चतम स्तर पर हैं। स्पेन में एक दिन में 1.6 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए। कई दिनों से वहां एक लाख से अधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। भले ही 80 प्रतिशत स्पेन का टीकाकरण पूरा हो गया हो और अधिकांश लोगों ने बूस्टर शॉट लिया हो, लेकिन वहां के हालात ठीक नहीं हैं। इसलिए शूटिंग टाली गई।

दिशा पाटनी ने अपनी आगामी फिल्म योद्धा की शूटिंग की पूरी

बॉलीवुड की हॉट ऐंड सेक्सी अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आगामी फिल्म योद्धा की शूटिंग पूरी कर ली हैं। इस बात की जानकारी स्वयं अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से इस फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक फनी वीडियो साझा करके दी हैं।

दिशा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से सिद्धार्थ के साथ एक फनी वीडियो साझा करते हुए लिखा कि, और फिल्म की शूटिंग पूरी हुईसयोसिद्धार्थमल्होत्रा।

साझा किए गए वीडियो में दोनो एक्टर्स आपस में काफी मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं।

बता दें कि, इस फिल्म में सिद्धार्थ एक पैरा कमांडो का किरदार निभा रहे हैं जोकि एक प्लेन को हाईजैक होने से बचाने की कोशिश करते हुए नजर आएंगे। जिसमे में दिशा पाटनी भी उनकी मदद करते हुए नजर आयेंगी। यह कहानी पूरी तरह से काल्पनिक है।

डिनर तक के लिए लाजवाब है दाल पराठा

सर्दियों में कई बार ऐसा लगता है कि एक ही वक्त क्यों न कुछ ऐसा बना दिया जाए जिससे ब्रेकफास्ट के साथ लंच. डिनर का भी काम निकल जाए, तो इसके लिए दाल पराठे का ऑप्शन है बेस्ट।

सामग्री :

250 ग्राम चने की दाल, 500 ग्राम मैदा, दो चम्मच पिसा गरम मसाला, एक चम्मच शक्कर, स्वादानुसार नमक, एक छोटी गांठ अदरक, चार हरी मिर्च, दो बड़ी चम्मच घी, सेंकने के लिए तेल या घी।

विधि :

- एक बर्तन में आवश्यकतानुसार पानी डालकर चने की दाल, अदरक, हरी मिर्च उबाल लें।
- फिर पानी अच्छी तरह निकालकर महीन पीस लें।
- इसमें गरम मसाला, शक्कर तथा स्वादानुसार नमक मिला लें।
- मैदा में दो बड़ी चम्मच मोयन देकर नर्म सान लें।
- इसकी छोटी-छोटी लोई बना लें।
- हर लोई को फैलाकर चने की पीठी भरकर पतली-पतली बेल लें।
- इन्हें तवे पर अच्छी तरह सेंक लें।

शब्द सामर्थ्य- 309

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

सू-दोकू- 309

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 308 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3	8	2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7